## क्या आपने अपना 'Bush Fire Survival Plan' पूरा कर लिया है?

आपका 'Bush Fire Survival Plan' आपके, आपके परिवार और आपके पालतू जानवरों के लिए सुरक्षा प्रदान करने में मदद करेगा।




**www.rfs.nsw.gov.au**
से एक योजना डाउनलोड करें।

अपने परिवार के साथ अपनी योजना को पूरा करें और यह सुनिश्चित कर लें कि उन्हें पता हो कि क्या करना चाहिए। नियमित रूप से इसका अभ्यास करें और इसे ऐसी जगह पर रखें जहाँ आप इसे ढूँढ सकते/सकती हैं।

**PREPARE. ACT. SURVIVE.**

**PREPARE.** आग का मौसम शुरू होने से पहले आपको महत्वपूर्ण निर्णय ले लेने चाहिए।

**ACT.** अग्नि खतरा रेटिंग (फायर डैंजर रेटिंग) जितनी ऊँची होगी, परिस्थितियाँ उतनी ही अधिक खतरनाक होंगी।


**SURVIVE.** आग बिना चेतावनी के खतरा बन सकती है, इसलिए आपको यह पता होना चाहिए कि जीवन-रक्षा करने के लिए क्या करने की ज़रूरत है।

000 EMERGENCY

Interpreter 131450

**BUSH FIRE INFORMATION LINE**
**1800 NSW RFS**
1 8 0 0 6 7 9 7 3 7
**www.rfs.nsw.gov.au**

PREPARE. ACT. SURVIVE.




यदि आप स्वयं तक आग के पहुँचने की प्रतीक्षा करते/करती हैं, तो आपकी मृत्यु हो सकती है। अपना 'Bush Fire Survival Plan' आज ही तैयार करें।

© State of New South Wales through the NSW RURAL FIRE SERVICE 2013. E1



## PREPARE. (तैयारी करें)

**आग का मौसम शुरू होने से पहले आपको महत्वपूर्ण निर्णय ले लेने चाहिए।**


यदि आप बुश के इलाके, चरागाह, झाड़ियों या खेत के नज़दीक रहते/रहती हैं, तो आपको बुशफायर का खतरा रहता है।

तेज हवाओं, तीव्र गर्मी व आग की लपटों और घने धुएं के कारण आग भयानक हो सकती है। जल्दबाजी में और खतरनाक निर्णय न लें। अपना **'Bush Fire Survival Plan'** (बुशफायर जीवन-रक्षा योजना) तैयार करें। परिवार के वयोवृद्ध लोगों, बच्चों और बीमार लोगों को आग से प्रभावित होने की संभावना वाले क्षेत्रों से जल्दी स्थानांतरित करें। जल्दी छोड़कर निकलना सबसे सुरक्षित विकल्प होता है।

आपका **अच्छी तरह से तैयार घर** अग्निशामक कर्मियों के लिए अधिक सुरक्षित होगा और चाहे आप छोड़कर जल्दी ही क्यों न निकल जाएं, फिर भी इसके बुशफायर से बचे रहने की संभावना और अधिक होगी।

## ACT. (कार्यवाही करें)

**'Fire Danger Rating'** (अग्नि खतरा स्तर) जितना ऊँचा होगा, परिस्थितियां उतनी ही खतरनाक होंगी।




अपने क्षेत्र में आग के खतरे को पहचानें और इसके मतलब को जानें। **'Fire Danger Rating'** कार्रवाई करने के लिए आपकी सबसे पहली प्रतिक्रिया होनी चाहिए और यह आपके जीवन की रक्षा कर सकता है। जब रेटिंग **'Catastrophic' (विनाशकारी)** हो, तब जल्दी छोड़कर निकलना आपके जीवन की रक्षा के लिए एकमात्र विकल्प होता है।

अपनी प्रतिक्रियाओं की जानकारी रखें। अपने **'Bush Fire Survival Plan'** को बहुत कम या बिना किसी चेतावनी के सक्रिय करने के लिए तैयार रहें।

PREPARE. ACT. SURVIVE.

बुशफायर की आग के अपने खतरे का आकलन करें और वेबसाइट **www.rfs.nsw.gov.au** से अपना 'Bush Fire Survival Plan', 'Fire Danger Ratings', 'Bush Fire Alerts', और 'Neighbourhood Safer Places' प्राप्त करें।

**याद रखें**
कि आग के दौरान हो सकता है कि आपको एक चेतावनी संदेश न मिल सके। आपातकालीन जानकारी के लिए एक ही स्रोत पर भरोसा न करें और कार्रवाई करने के लिए तैयार रहें।

## SURVIVE. (जीवन-रक्षा करें)

आग चेतावनी के बिना खतरा बन सकती है, इसलिए आपको यह पता होना चाहिए कि जीवन-रक्षा करने के लिए आप क्या करेंगे/करेंगी। अपने **'Bush Fire Alerts'** (बुशफायर सचेतकों) को जानें।

**'Advice' (सलाह)** का मतलब है कि एक बुशफायर नज़दीक है और आपको अद्यतन रहना चाहिए।

**'Watch and Act' (देखें और कार्रवाई करें)** सचेतक का अर्थ है कि बुशफायर आपके पास आ रही है और आपको अपना 'Bush Fire Survival Plan' सक्रिय कर देना चाहिए।

**'Emergency Warning' (आपातकालीन चेतावनी)** का मतलब है कि आपके खतरे में होने की सँभावना है। आपातकालीन सेवाओं से निर्देशों के लिए प्रतीक्षा न करें, क्योंकि कार्रवाई न करने से मृत्यु या नुकसान हो सकता है।

यदि आप जल्दी छोड़ने की योजना बना रहे/रही हैं, तो आपको बुशफायर के आपके इलाके में पहुँचने से कहीं पहले छोड़कर निकल जाना चाहिए। **बिना सावधानीपूर्वक योजना बनाने और तैयारी करने के पीछे रहकर बचाव न करें।**

एक **अधिक सुरक्षित स्थान** के लिए वैकल्पिक मार्ग की जानकारी रखें। यह पता लगाएं कि आपके क्षेत्र में एक 'Neighbourhood Safer Place' (पड़ोस में सुरक्षित स्थान) है या नहीं, लेकिन यह याद रखें कि उसका इस्तेमाल केवल अंतिम उपाय के रूप में ही किया जाना चाहिए।




यदि आप एक अधिक सुरक्षित स्थान पर न पहुँच सकें, तो एक **बैक-अप योजना** तैयार रखें।